राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 27 अप्रैल, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में शनिवार को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के स्टेट हेड हेमंत राठौर एवं अन्य उच्चाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की।

भेंट के दौरान राज्यपाल ने अधिकारियों से कहा कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को उनके छोटे एलपीजी सिलेंडर '' छोटू और मुन्ना'' की उपलब्धता उत्तराखण्ड के रिमोट क्षेत्रों में बढ़ाने की ओर कार्य करना चाहिए। राज्यपाल ने अधिकारियों को कहा कि भारतीय सेना के जो भी शहीद परिवार पेट्रोल पंप या एजेंसी प्राप्त करने से छूट गए हैं उन्हें नियमानुसार लाभान्वित किया जाए साथ ही राज्यपाल ने कहा कि आईओसीएल को उत्तराखण्ड में रिसर्च और सेमिनार आयोजित कराने चाहिए। इस अवसर पर आईओसीएल के अधिकारियों ने राज्यपाल को अवगत कराया कि उन्होंने सितारगंज में 300 करोड़ की लागत से एलपीजी गैस सिलेंडर का बॉटलिंग प्लांट स्थापित किया है।

----------0----------